NAI BAAT, PAGE NO -02, DATE - 03-08-2013

विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा दावत-ए-इफ्तार का आयोजन

भागलपुर (का.प्र)। विद्युत वितरण कंपनी के तत्वावधान में शुक्रवार को टीचर्स ट्रेनिंग कालेज के प्रांगण में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के मुस्लिम बंधुओ के साथ साथ सरकारी गैर सरकारी संगठनों प्रशासन के अधिकारियो जन प्रतिनिधियों एवं मीडिया कर्मी सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। इस दावत ए इफ्तार के संबंध में कंपनी के निदेशक अमानुल्लाह ने बताया कि हमारी कंपनी द्वारा इस आयोजन का मकसद आपसी भाईचारा एवं सामाजिक समरवसता को बढ़ावा देना है। इफ्तार के बाद नमाज अदा की गयी फिर एक साम्ये माहोल में आपसी गुफ्तगू का कार्यक्रम भी किया गया, जिसम. कंपनी के निदेशक अमानुल्लाह ने लोगों को भागलपुर विद्युत वितरयण कंपनी से होनेवाले फायदे एवं वर्तमान बिजली की समस्या के संदर्भ में चर्चा की। उपस्थित लोगों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए अमानुल्लाह ने भागलपुर की बिजली की समस्या को कंपनी द्वारा जल्द से जल्द निवटाने की बात कही।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कंपनी के अमित रंजन, रानी चौबे एवं तमीम हम्बल ने योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में तमीम हंबल के धन्यवाद ज्ञापन किया।